# पेक में कार्यशाला

चंडीगढ़। पेक में विश्व बैंक के सहयोग से संवेदनशीलता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन होने से स्टूडेंट्स को कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बतीश ने सभी का परिचय कराया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पेक निदेशक डॉ. उमा बत्रा ने सामाजिक पृष्ठभूमि व आर्थिक स्थितियों को सभी केसामने रखा। शिक्षकों व छात्रों केलिए खुले वातावरण का होना जरूरी बताया। सुरभि ढींगरा ने आर्थिक विकास के साथ-साथ सीखने की दक्षता, अंग्रेजी भाषा का कौशल, संज्ञानात्मक कौशल में सुधार का महत्व बताया। दिल्ली से आई भारती आर्य ने शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। इंजीनियरिंग शिक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता को सबके सामने रखा। ब्यूरो